हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

11 कॉलेज में लगी विज्ञान प्रदर्शनी, छात्रों ने प्रस्तुत...



12 42 छात्रों ने दिया राजनीति, रसायन और लेखाशास्त्र ...



# पीएम आशा योजना के तहत होगी खरीफ और रबी फसलों की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम आशा) योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम में किसानों का पंजीयन समितियों के माध्यम से ई समयुक्ति पोर्टल में किया जा रहा है। किसान 28 फरवरी तक पंजीयन करा सकते हैं।

योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में क्रमशः अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी एवं विपणन वर्ष 2026-27 में क्रमशः चना, मसूर एवं सरसो फसलों की बुआई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर साथ लेकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। योजनान्तर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले के लिए चिन्हांकित एजेंसी द्वारा पंजीकृत कृषकों की फसलों का उपार्जन किया जाएगा।

इस योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसमें खरीफ फसल अरहर 8000 रुपए, मूंग 8768 रुपए, उड़द 7800 रुपए, मूंगफली 7263 रुपए, सोयाबीन 5328 रुपए एवं रबी फसल चना 5875 रुपए, मसूर 7000 रुपए एवं सरसो 6500 रूपए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल तय किया गया है।

### जिले में 28 फरवरी तक होगा किसानों का पंजीयन





### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी

योजनान्तर्गत शासन द्वारा पंजीकृत कृषकों से खरीफ फसल अरहर 3 क्विंटल, मूंग 3 क्विंटल, उड़द 3 क्विंटल, मूंगफली 7 क्विंटल, सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़ एवं रबी फसल चना 6 क्विंटल, मसूर 2 क्विंटल, सरसो 5 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### 7 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी जेल दाखिल

**भटगांव।** स्थानीय पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम जमगहन में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम जमगहन निवासी 32 वर्षीय सूरज कुमार कुर्रे अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से शराब छिपाकर बेच रहा है। थाना प्रभारी के निर्देशन में टीम गठित कर रेड की कार्रवाई की गई। मौके पर 7 लीटर महुआ शराब जब्त की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### उपार्जन केंद्रों से 80 प्रतिशत धान का उठाव पूर्ण

**बलौदाबाजार।** जिले के खरीदी केंद्रों से धान का उठाव जारी है। उपार्जन केंद्रों से अब तक 80.72 प्रतिशत धान का उठाव मिलरों द्वारा किया गया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले में 166 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर 791510 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। उपार्जन केन्द्र से 460477 मेट्रिक टन धान मिलरों को प्रदाय किया गया है। जिले में कुल 90 पंजीकृत मिलर है, जिनके द्वारा धान का उठाव किया जा रहा है। कलेक्टर सोनी ने जिला विपणन अधिकारी एवं खाद्य अधिकारी को धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने धान उठाव में कोताही बरतने वाले मिलरों पर कार्रवाई के भी निर्देश दिये हैं।

### जनपद सभापति ने श्रम कार्ड के गिनाये फायदे



**सिमगा।** जनपद पंचायत के सभापति चन्द्रप्रकाश टोंडे ने श्रम कार्ड पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए यह कार्ड पूरी तरह से निःशुल्क बनाया जा रहा है। उन्होंने कार्ड के फायदे बताते हुए कहा कि 1 लाख से 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा बिल्कुल फ्री है। 60 साल की उम्र के बाद 1500 रुपये मासिक पेंशन की सुविधा मिलेगी और उसके मृत्यु होने पर नॉमिनी को जीवन भर 750 रुपये मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे हितग्राहियों के बैंक खाते में जमा होता है। टोंडे ने ग्रामीण मजदूरों से अपील की है कि अपने नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर या श्रम पोर्टल पर खुद से फ्री में पंजीकरण करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग या जनपद कार्यालय सिमगा में सम्पर्क किया जा सकता है।

### नगर के वार्ड में नवीन जैतस्तंभ की स्थापना कर पालो चढ़ाया गया



**लवन।** फागुन माह के तीन दिवसीय गिरौदपुरी धाम मेला पर नगर पंचायत के वार्ड 2 और 3 गुरु घासीदास वार्ड कोरदा रोड़ में सतनामी समाज द्वारा नवीन जैतस्तंभ की स्थापना समाज के प्रतिष्ठित व गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में पालो चढ़ाया गया। इस अवसर पर हिन्छा अनंत, हर प्रसाद बार्वे, उदेराम टंडन, कार्तिक राम बघेल, रामायण अनंत, रामायण मनहरे, शंकर अनंत, सोहित कुर्रे, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कार्रवाई : नगर पालिका को जिला प्रशासन ने आवंटित की है 14 एकड़ भूमि

# नपा ने हटाया अवैध कब्जा, 5 एकड़ में फैले करोड़ों के कबाड़ किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगरपालिका पालिका व राजस्व, विद्युत और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पटपर रोड स्थित अशफाक कबाड़ी दुकान के अवैध कब्जा को हटाया गया। कबाड़ी का समान 5 एकड़ में फैला था। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के अंतिम छोर में स्थित उक्त जमीन को कलेक्टर द्वारा 2012 में नगरपालिका को 14 एकड़ जमीन आबंटि की गई थी।

यह कार्रवाई किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि कानून के पालन एवं नगरहित में की गई है। आने वाले समय में भी जहां-जहां शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पाया जाएगा, वहां विधिसम्मत और सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कारवाई में तहसीलदार यशवंत राज, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान, ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल, विद्युत विभाग एई पूजा महिलांग, नगरपालिका कर्मचारियों में राजस्व निरीक्षक अजय नायडू, गजहंस ठाकुर, सौरभ ठाकुर, रवि ध्रुव, सचिन मसीह, कन्हैया ठाकुर, देव कुमार बंजारे, वैष्णव, राकिब बाठिया सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

### अवैध कब्जों पर जारी रहेगी कार्रवाई

मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान ने बताया कि पटपर रोड स्थित कबाड़ी दुकान संचालक द्वारा किए गए अवैध कब्जा को हटाने जाने नगरपालिका द्वारा लगातार नोटिस दिया गया, जिसका कोई भी सकरात्मक जवाब नहीं दिया गया था। उक्त अवैध कब्जा विगत 15 सालों से किया गया था। जफर खान ने कहा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना के लिये नगरपालिका को अपने अधिकार क्षेत्र स्थित शासकीय जमीन की आवश्यकता है और भी शासकीय जमीन पर जो अवैध अतिक्रमण करेगा, उसके खिलाफ उचित कारवाई की जायेगी।

### 15 सालों से फैला था कबाड़ी का सामान



### चोरी का सामान भी मिला

कार्रवाई के दौरान कबाड़ी के समान को संयुक्त टीम द्वारा जब्त किया गया, जो कि करोड़ों की कबाड़ी समान 5 एकड़ में फैलाकर अतिक्रण किया गया था, जिसमें विभिन्न मशीनरी समान मिलों से सम्बंधित समान मोटरसाइकिल व चारचक्का गाड़ी सहित विद्युत से जुड़े विभिन्न प्रकार के समान के साथ-साथ अन्य कई कीमती समान थे। ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि कारवाई के दौरान चोरी के समान भी पाये गये, जो जांच का विषय है। वहीं समाचार लिखे जाने तक कारवाई जारी थी। उन्होंने कहा अतिक्रमण का पैमाना व्यापक स्तर पर होने के कारण आगे भी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। गौरतलब है कि 5 एकड़ में फैले 15 सालों के इस अवैध कब्जे पर कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है, जो कि आने वाले दिनों में नगरपालिका के जमीन पर लम्बे समय से अतिक्रमण कर बैठे थे।

### शासकीय भूमि जनता की संपत्ति है : नपा अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगर की शासकीय भूमि जनता की संपत्ति है। इसे किसी भी व्यक्ति द्वारा निजी उपयोग हेतु अवैध रूप से कब्जा करना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि नगर के विकास में बाधा भी है। पिछले 15 वर्षों से लंबित इस प्रकरण में बार-बार नोटिस देने के बावजूद सहयोग नहीं मिलने पर आज कठोर कार्रवाई की गई। नगर पालिका को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, अधोसंरचना विकास एवं सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए भूमि की आवश्यकता है। शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चोरी

### नगद सहित 25 हजार का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत स्थित प्रकाश इलेक्ट्रिकल & इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप में रात्रि लगभग 1.30 बजे चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में नकाब बांधे हुए चोर चोरी करते दिख रहे हैं। बताया गया है कि चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और चोरी को अंजाम दिया।

दुकान संचालक यादराम पटेल ने बताया कि प्रतिदिन की तरह रात्रि 8 बजे दुकान बंद घर गया और सुबह दुकान पहुंचा तो, पीछे का दरवाजा खुला था। मुझे चोरी की शंका हुई, जहां दुकान का ड्राज भी खुला था, जिसमें 13 हजार रुपए नगद और 6-7 बंडल वायर लगभग 12000 हजार का सामान नहीं था। सीसीटीवी फूटेज देखने पर पता चला कि एक नकाबपोज चोर ने ये घटना को रात लगभग 1.20 बजे अंजाम दिया। इसके बाद भटगांव पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दुकान में हुई चोरी की विवेचना में जुटी।



विदित हो कि इस प्रकार की घटना से अब भटगांव व्यापारी भी भयभीत है। इसके कुछ दिन पहले एक और इलेक्ट्रॉनिक दुकान में एक चोर ने चोरी कर आग लगा दी थी, जो भटगांव पुलिस टीम ने सघनता से जांच कर चोर को पकड़ कार्रवाई की। इसके बाद यह दूसरी घटना है। थाना प्रभारी एस धारी का कहना है कि जांच जारी है, जल्द चोर पकड़ा जायेगा।

# कुत्ते का आतंक, 26 लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

क्षेत्र में कुत्तों ने आतंक मचा रखा है, जहां बीते तीन दिनों में पलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 26 लोगों को कुत्तों के काटने का मामला आया है। कुत्ते काटने से कई लोग बुरी तरह से जख्मी हुए हैं, जिसमे बुजुर्ग शंकर लाल वर्मा 65 वर्ष को 15 टांके लगे हैं। वहीं रजनी चंद्राकर 60 वर्ष को 15 और रेखा रात्रे 54 वर्ष को 20 टाके लगे हैं। घर के बाहर खेल रहे बच्चे भी पागल कुत्ते का शिकार हुए हैं, जिसमे लक्ष्य 2 वर्ष, प्रगति 3 वर्ष, देवेंद्र 3 वर्ष, देवराज 7 वर्ष, जिज्ञासा 9 वर्ष,




जयेंद्र 11 वर्ष, शुभम 12 वर्ष, प्रियांशु 6 वर्ष शामिल हैं। इनके अलावा संदीप कुमार वर्मा 29 वर्ष, रश्मि साहू 40 वर्ष, जेठिया बाई 65 वर्ष, राजाराम फेकर 50 वर्ष, सुनीता सोनवानी 21 वर्ष, राजमती मनहरे 56 वर्ष पवन बंजारे 63 वर्ष, मोहम्मद 32 वर्ष, टिकेश्वर देवांगन 18 वर्ष, राधेश्याम 40 वर्ष, शैलेंद्र कुमार 57 वर्ष, दिनेश यादव 39 वर्ष, प्रमोद साहू 42 वर्ष, देवमती सागर 32 वर्ष तथा धान बाई वर्मा 60 वर्ष भी कुत्तों के आंतक शिकार हुए हैं। सभी का इलाज सीएससी पलारी में किया गया तथा सभी को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

पलारी सीएससी के बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा ने कहा कि बीते 2-3 दिनों में कुत्ते काटने के मामले तेजी से बढ़े हैं, जिससे लोगों को ऐतिहात बरतने की जरूरत है। बच्चों का ख्याल रखे तथा बुजुर्ग अकेले बाहर न निकलने दें। पशु विभाग और बिनोरी सरपंच किरण सनकुमार साहू से चर्चा हुई है तथा गांव में मुनादी करने को कहा गया।

# एनीकट के पानी का दुरुपयोग पर ग्रामीणों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम मर्राकोना, दोरेंगा एवं कुलीपोता के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शिवनाथ नदी के एनीकट में संचित जल के दुरुपयोग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे से मुलाकात कर हस्तक्षेप की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल में ग्राम मर्राकोना के सरपंच कुबेर यदु, उपसरपंच इंदरमन साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सिमगा तथा ग्राम कुलीपोता के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने बताया कि शिवनाथ नदी के एनीकट में संचित पानी में विद्युत पम्प लगाकर अवैध रूप से सिंचाई की जा रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे संबंधित अधिकारियों से शीघ्र चर्चा कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी तथा समस्या के त्वरित समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगी।



### अवैध गतिविधि पर रोक लगाने मांग की

ग्रामीणों ने कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग द्वारा जारी पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि एनीकट के जल का उपयोग निर्धारित नियमों के अनुरूप होना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। उनका कहना था कि जल का समान एवं न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी किसानों को बराबरी से लाभ मिल सके।


## रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने की दिशा में है महत्वपूर्ण कदम

# नेचर कैंपिंग का शुभारंभ, इको पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवपुर स्थित इको पर्यटन नेचर कैंप मड हाउस का सोमवार को लोकार्पण किया गया। यह नेचर कैंप प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप विकसित किया गया है, जिसमें स्थानीय संसाधनों एवं पारंपरिक निर्माण शैली का समावेश किया गया है। मड हाउस की स्थापना का उद्देश्य प्रकृति के निकट पर्यटन अनुभव प्रदान करना, पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना तथा स्थानीय समुदाय को आय के स्थायी अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल के माध्यम से देवपुर क्षेत्र में ईको-पर्यटन गतिविधियों को सशक्त करने, ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने एवं रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस पहल से स्थानीय समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ इको-पर्यटन गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पांडे ने कहा कि इको-पर्यटन आधारित ऐसे प्रयास न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर, महिला स्व सहायता समूह देवपुर, नेचर कैंप इको-पर्यटन संचालन समिति के सदस्य, वन प्रबंधन समिति देवपुर के अध्यक्ष एवं सदस्य, बारनवापारा अभ्यारण्य के अधिकारीगण, परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर सहित समस्त अधीनस्थ अधिकारी एवं वनकर्मी उपस्थित थे।

### प्राकृतिक विरासत को दर्शाता परिसर

इसी क्रम में बारनवापारा अभ्यारण्य के पर्यटन ग्राम में नव निर्मित रिसेप्शन भवन का भी शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी एवं जैव विविधता) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक अरुण कुमार पांडे की उपस्थिति में किया गया। यह नया रिसेप्शन परिसर बारनवापारा की विशिष्ट पहचान, समृद्ध जैव विविधता एवं प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित करने की दृष्टि से विकसित किया गया है। परिसर में स्थानीय वनस्पतियों, वन्यजीवों एवं पर्यटन संभावनाओं को समाहित करते हुए एक आकर्षक एवं उपयोगी स्वागत केंद्र का निर्माण किया गया है, जिससे आगंतुकों को अभ्यारण्य की पारिस्थितिकी विशेषताओं की समग्र जानकारी प्राप्त हो सके।

# यादव जी की लव स्टोरी का विरोध करेगा समाज

हरिबूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सर्व यादव समाज की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक में 27 फरवरी को रिलीज होने वाली फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के विरोध के संबंध में चर्चा की गई। रिलीज होने वाली फिल्म को यादव समाज के स्वाभिमान के विरुद्ध सोची समझी साजिश बताया। सामाजिक भावनाओं को आहत करने का कुत्सित प्रयास मानते हुए इस फिल्म पर बैन लगाने की मांग के लिए प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। सर्व सम्मति से 25 फरवरी को जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व फिल्म बोर्ड के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज करने का निर्णय लिया गया। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने इसे समाज को बदनाम करने का सोची समझी साजिश बताते हुए कहा कि समाज के स्वाभिमान के खिलाफ कोई भी षड्यंत्र बर्दाशत नहीं होगा। उन्होंने 25 फरवरी को सभी जिला मुख्यालयों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया। वर्चुअल बैठक में रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष सर्व यादव समाज, डीसी यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, धनमती यादव महिला प्रदेश अध्यक्ष, परमेश्वर यादव युवा प्रदेश अध्यक्ष, देवनारायण यादव संभागीय अध्यक्ष सरगुजा सहित विभिन्न जिले से जिला अध्यक्षगण व काफी संख्या में समाज प्रमुख उपस्थित थे।

- 25 फरवरी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व फिल्म बोर्ड के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

# सीएनजी ने पकड़ी थोड़ी रफ्तार, जहां पंप अधिक, वहां बिक रहे ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब तेजी से सीएनजी पंपों का नेटवर्क बढ़ रहा है। भिलाई-दुर्ग में आधा दर्जन से ज्यादा पंप खुल गए हैं। राजधानी रायपुर में भी चार पंप हो गए हैं। लगातार प्रदेश में पंप बढ़ रहे हैं। इसी के साथ प्रदेश में सीएनजी वाहनों की बिक्री ने थोड़ी रफ्तार पकड़ी है। भिलाई, बिलासपुर, कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण इन स्थानों पर ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। प्रदेश में इस समय कारें और आटो मिलाकर सौ से ज्यादा वाहन सीएनजी के बिक रहे हैं। राजधानी रायपुर में महज चार पंप होने के कारण यहां पर हर माह कारें और ऑटो भी बिक रहे हैं। मारुति के हर मॉडल में सीएनजी है। रायपुर में हर माह यहां पर एक दर्जन कारें बिक रही हैं। मारूति शो रूम के अनिल अग्रवाल का कहना है कि पंप बढ़ने पर कारों की बिक्री की रफ्तार में इजाफा होगा। राजधानी रायपुर में पहले ऑटो ज्यादा बिक रहे थे, लेकिन अब ई-रिक्शा के कारण इसकी प्रभावित हो रही रही है। रायपुर में टीवीएस कंपनी के डीलर विकास मथानी के मुताबिक उनके यहां हर माह पहले 10 से 12 ऑटो बिक रहे थे। लेकिन अभी इसकी संख्या कम हो गई हैं। पहले ई-रिक्शा माह में दस बिकते थे जो अब 30 हो गए हैं। रायपुर के साथ ही भिलाई, बिलासपुर, कोरबा में भी सीएनजी के ऑटो लगातार बिक रहे हैं।

### रायपुर में खुलेंगे और पंप

सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में पहला पंप लोधी पारा में खुला था। इसके बाद आमानाका में भी एक पंप खुला था, लेकिन अब यह बंद हो गया है। एक पंप रिंग रोड एक, एक पंप जेल रोड और एक तेलीबांधा में हैं। इसके अलावा भनपुरी में भी एक पंप खोलने की पूरी तैयारी है। इसी के साथ शहर के और कई स्थानों पर पंप खोलने की योजना है। पहले पंप के संचालक नीरज शर्मा ने बताया, हमने एचपी का पंप खोला है। हमारे यहां रोज सौ वाहनों आते हैं सीएनजी भरवाने के लिए। रायपुर में लगातार सीएनजी की कारें और ऑटो बढ़ रहे हैं। रायपुर में दूसरे राज्यों से यहां तबादला होकर आने वालों के पास सीएनजी वाहन हैं। इसी के साथ दूसरे राज्यों से यहां आने वालों को भी सीएनजी गैस की जरूरत पड़ती है।

### राजधानी में अब चार पंप, रायपुर में कारों से ज्यादा बिक रहे आटो


फाइल फोटो

### बिक रही 60 से 70 कारें

मारुति कंपनी में हर मॉडल में सीएनजी मॉडल है। रायपुर में कंपनी के डीलरों के मुताबिक यहां पर प्रारंभ में ज्यादा वाहन बिके, लेकिन अब एक माह में एक दर्जन कारें ही बिक रही है। इसके पीछे का कारण यह है कि यहां पर पंप कम है। भिलाई में आधा दर्जन से ज्यादा पंप होने के कारण वहां पर ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। इसी के साथ बिलासपुर और कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण वहां पर भी वाहनों के बिकने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। हर माह प्रदेश में 60 से 70 कारें बिक रही हैं। मारुति के अलावा टाटा की भी कारें बिक रही हैं।

## खबर संक्षेप

### बजट सत्र में लखमा को सम्मिलित होने देने का निर्णय स्वागतोग्य

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से प्रारंभ होकर 20 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, इस महत्वपूर्ण बजट सत्र में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को शामिल होने देने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा लिया गया निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों की दृष्टि से स्वागतयोग्य है। शराब घोटाला प्रकरण में आरोपित कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं छह बार के विधायक श्री लखमा द्वारा सर्वोच्च न्यायालय से जमानत प्राप्त करने के उपरांत व्यक्तिगत रूप से लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बजट सत्र में सम्मिलित होने की अनुमति चाही गई थी। श्री नायक ने कहा, यह निर्णय लोकतंत्र की गरिमा, विधायिका की सर्वोच्चता एवं जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का सम्मान करने वाला है। भारतीय संविधान तथा विधानसभा की कार्यवाही एवं प्रक्रिया संबंधी नियमों के अनुसार, जब तक किसी जनप्रतिनिधि के विरुद्ध आरोप सिद्ध नहीं हो जाते, तब तक वह अपने संवैधानिक कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अधिकृत रहता है। वर्तमान में संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है और आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं।

### आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनेगी सरकार को घेरने की रणनीति

# भाजपा विधायक दल की बैठक में विपक्ष को करारा जवाब देने बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सत्ताधारी भाजपा विधायक दल की बैठक सत्र के एक दिन पहले रविवार रात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास नवा रायपुर में हुई। बैठक में सरकार के सभी मंत्री और ज्यादातर विधायक शामिल हुए। साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी शामिल हुए। बैठक में विपक्ष के हर सवाल का करारा जवाब देने की रणनीति बनाई गई। किस मुद्दे पर कौन से मंत्री और विधायकों को जवाब देना है, यह तय किया गया। इधर विपक्षी कांग्रेस विधायक दल की बैठक सत्र के पहले ही दिन सोमवार शाम 4 बजे राजीव भवन में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे। बैठक में सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने और कई मुद्दों पर स्थगन प्रस्ताव लाने की रणनीति बनाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। इस सत्र में बजट पेश किया जाएगा और इस पर चर्चा भी होगी। सत्र में विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए मुख्यमंत्री निवास में बैठक की गई। बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लखन देवांगन, केदार कश्यप, रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, गुरु खुशवंत साहेब, गजेंद्र यादव, राजेश अग्रवाल, टंकराम वर्मा, दयालदास बघेल सहित सभी विधायक बैठक में शामिल हुए। बैठक में मंथन किया गया कि विपक्ष किन-किन मुद्दों पर सत्ता को घेरने वाला है। सरकार के पास जो जानकारी है, उसके मुताबिक विपक्ष सरकार पर सबसे बड़ा हमला धान खरीदी को लेकर करने वाला है। इस मामले में विपक्ष स्थगन प्रस्ताव भी ला सकता है। इस मुद्दे पर सरकार की तरफ से कौन-कौन जवाब देंगे, इसको लेकर जिम्मेदारी तय की गई। इसी के साथ कानून व्यवस्था को लेकर भी विपक्ष सरकार को घेरने वाला है। इस मुद्दे पर गृहमंत्री के साथ ही कौन-कौन से विधायक जवाब देंगे, इसका फैसला किया गया। इसी तरह से अन्य मुद्दों पर भी रणनीति बनाई गई कि कौन-कौन कब बोलेंगे।

### विपक्ष कई मुद्दों पर घेरेगा

सोमवार को सत्र के बाद राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी। इसमें सरकार को घेरने वाले मुद्दों पर रणनीति बनेगी। कांग्रेस खासकर सरकार को धान खरीदी, कानून व्यवस्था, बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम करने के साथ ही इस साल भी बिजली की कीमत बढ़ाने, एसआईआर में मतदाताओं के बड़ी संख्या में नाम काटने, जशपुर में आदिवासी की मौत, नई आबकारी नीति, महात्मा गांधी के शहीदी दिवस और होली पर शराब बिक्री सहित कई मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाएगी। बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और जेल से छूट विधायक कवासी लखमा के साथ ही कांग्रेस के सभी विधायक शामिल होंगे।

## असम विधानसभा चुनाव : प्रियंका के साथ वन-टू-वन बैठक

**रायपुर।** असम में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरमैन प्रियंका गांधी से असम के स्पेशल ऑब्जर्वर एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने नई दिल्ली स्थित 10 जनपथ में चर्चा की। बैठक में असम की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, संगठनात्मक मजबूती तथा जमीनी मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। उन्होंने असम के विभिन्न जिलों से प्राप्त फीडबैक कार्यकर्ताओं की भावनाओं एवं जनता के प्रमुख मुद्दों की विस्तृत जानकारी स्क्रीनिंग कमेटी को दी।



■ चुनाव को लेकर कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरमैन प्रियंका गांधी ने की विस्तृत समीक्षा

उन्होंने बताया कि असम की जनता महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं से त्रस्त है। प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनमानस निराश है और परिवर्तन की स्पष्ट लहर दिखाई दे रही है। प्रियंका गांधी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने समर्पित और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने तथा जनता के मुद्दों को केंद्र में रखकर चुनाव लड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेगी और असम में जनभावनाओं के अनुरूप विकल्प प्रस्तुत करेगी। विकास उपाध्याय ने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी एकजुटता मजबूत संगठन और जनआधारित रणनीति के साथ असम विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी।




## सीएम साय ने सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत का किया स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के छत्तीसगढ़ आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्य न्यायाधीश को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक स्वरूप राजकीय गमछा, विश्वविख्यात बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक तथा बेल मेटल से निर्मित भगवान श्रीराम एवं माता शबरी की आकर्षक प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे हैं।

## सीएम साय ने सुनी मोदी के मन की बात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 131वीं कड़ी का प्रसारण देखा और सुना। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राजधानी रायपुर स्थित एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रधानमंत्री कार्यक्रम देखा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश मंत्री अमित साहू, विधायक सुनील सोनी, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, रायपुर भाजपा प्रभारी राजेंद्र शर्मा, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, ललित जयसिंघानी सहित पदाधिकारी, डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर, अटलनगर शासकीय निवास कार्यालय में मन की बात सुनी। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा।



## भाजपा महिला मोर्चा ने किया धरना-प्रदर्शन

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा रायपुर शहर जिला मोर्चा की अध्यक्ष कृतिका जैन के नेतृत्व में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए कृत्य के विरोध में शंकरनगर चौक बीटीआई मैदान के पास में धरना-प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आव्हान पर महिला मोर्चा की लगभग 350 कार्यकर्ता पहुंचीं। भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

■ कांग्रेस द्वारा किया गया नग्न प्रदर्शन अत्यंत शर्मनाक - विभा अवस्थी

विभा अवस्थी ने कहा, एआई समिट जैसा वैश्विक आयोजन जहां दुनियाभर के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत के नेतृत्व क्षमता को देख कर साक्षी बनने आए हुए थे, वहां कांग्रेस द्वारा किया गया नग्न प्रदर्शन अत्यंत शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है। राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस द्वारा किया गया यह नग्न प्रदर्शन न केवल अमर्यादित है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा शहर जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अपेक्स बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने भी संबोधित किया।




## जॉब फेयर में कुल 80 कंपनियों ने लिया भाग



**रायपुर।** युवा भारतीय रायपुर चैप्टर द्वारा आयोजित दो दिवसीय यंग इंडियन जॉब फेयर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन युवाओं और उद्योग जगत के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में उभरकर सामने आया, जिसमें विद्यार्थियों और रिक्रूटर्स दोनों की ओर से उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। वाय-आई रायपुर के चेयर पंकज सोमानी एवं को-चेयर कावित पासारी के नेतृत्व में आयोजित इस जॉब फेयर में कुल 80 कंपनियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के लिए 1300 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 1000 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। उल्लेखनीय रूप से 200 विद्यार्थियों को ऑन-द-स्पॉट जॉब कन्फर्मेशन प्राप्त हुए।

## प्रेस क्लब सदस्यों ने ट्रैफिक पुलिस के समक्ष लिया सड़क सुरक्षा का संकल्प



**रायपुर।** प्रेस क्लब द्वारा आयोजित स्व. कुलदीप निगम स्मृति इंटरप्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने वाली टीमों के कप्तानों का रविवार को प्रेस क्लब में स्नेहिल मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस, पत्रकार सहयोग के माध्यम से यातायात सुरक्षा और सड़क जागरूकता के विशेष अभियान को आगे बढ़ाने का प्रेस क्लब के सदस्यों ने संकल्प लिया।

वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप निगम का निधन सड़क दुर्घटना में हुआ था। उनकी स्मृति में आयोजित इस पहल के माध्यम से संदेश दिया गया कि हेलमेट पहनना जीवन रक्षा का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। प्रेस क्लब ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एडीसीपी ट्रैफिक विवेक शुक्ल, एसीपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, गुरजीत सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि मीडिया समाज का मार्गदर्शक होता है, ऐसे में पत्रकारों द्वारा सड़क सुरक्षा का संदेश देना अत्यंत प्रभावी साबित होगा। उन्होंने हेलमेट की अनिवार्यता और यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा भारतीय, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात मृतक की शिनाख्त, कब्र से निकालकर लाश परिजनों के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने जोरा में जगह कम पड़ने के बाद कृष्ण मित्र फाउंडेशन द्वारा सरजूबांधा तालाब स्थित श्मशानघाट में अंतिम संस्कार करने जिला प्रशासन को जगह उपलब्ध कराई गई है। जगह मिलने के बाद 19 फरवरी शुक्रवार को एक अज्ञात मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। शिनाख्त होने के बाद मृतक की लाश रविवार को उनके परिजनों के सुपुर्द की गई। कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव यादव के अनुसार, मृतक की शिनाख्त बलौदाबाजार पलारी निवासी बेदूराम बंजारे (48) के रूप में हुई है। बेदूराम 15 फरवरी को खम्हारडीह रेलवे ट्रेक में ट्रेन से टकराकर बुरी तरह से घायल हो गया था, जिसकी डीकेएस अस्पताल में 18 फरवरी को उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाने के कारण कृष्ण मित्र फाउंडेशन के कहने पर मृतक का अंतिम संस्कार सरजूबांधा तालाब स्थित श्मशानघाट में किया गया। थाने में फोटो देख मृतक की शिनाख्त उनके बेटे नरेंद्र, अरुण तथा छोटे भाई देवदास बंजारे ने की।

### एसडीएम की उपस्थिति में सरजूबांधा श्मशानघाट में दफनाए शव को निकाला





## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री साय को फलों से तौला, किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं नागरिक खाद्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को फलों से तौला एवं उनके दीर्घायु होने की मंगलकामना की। इस मौके पर श्री श्रीवास्तव ने कहा, विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरा प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर है। नक्सलवाद का खात्मा एवं बस्तर ओलंपिक की शुरुआत ने यह साबित कर दिया है कि सुदूर वनांचलों तक विकास की गंगा बह रही है। कार्यक्रम के संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रजिया खान, मंत्री सैयद रजा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी, आतिफ सिद्दीकी, फैसल खान, इसराइल शेख, शब्बीर खान, रोहित सेन, यश अग्रवाल आदि शामिल थे।

## कैबिनेट मंत्री नेताम पहुंचे कृषि विवि, किया निरीक्षण

**रायपुर।** कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने रविवार को रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्रक्षेत्र एवं विभिन्न अनुसंधान प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रहे उन्नत कृषि अनुसंधान, बीज विकास, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जुड़े कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने शोध गतिविधियों, प्रयोगात्मक परियोजनाओं और किसानों के हित में विकसित की जा रही तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने वैज्ञानिकों और प्राध्यापकों से संवाद करते हुए अनुसंधान कार्यों की उपयोगिता, जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। मंत्री ने विशेष रूप से बीज विकास और प्राकृतिक खेती से संबंधित अनुसंधान को प्रदेश के कृषि परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अनुसंधान आधारित कृषि नवाचारों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल सहित अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे। कुलपति ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों, नवाचार परियोजनाओं और किसानों के लिए विकसित तकनीकों की जानकारी मंत्री को दी।

### दीदी मां मंदाकिनी की श्रीराम कथा 27 से

**रायपुर।** श्री रामकिंकर आध्यात्मिक मिशन द्वारा 27 फरवरी से 1 मार्च तक श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस बीटीआई मैदान के सामने होगा। युग तुलसी श्रीरामकिंकर महाराज की हृदयात्मजा कथाव्यास दीदी मां मंदाकिनी श्रीराम कथा का रसपान कराएंगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि श्रीराम कथा रोजाना शाम 5.30 से 6.30 बजे तक होगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रेलर से टकराने से ट्रक चालक की मौत

**महासमुंद।** हाईवे में खड़े ट्रेलर से ट्रक की टक्कर हो गई। घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि 22 फरवरी को मेघनाथ साहू पिता विद्याधर साहू (33 साल) करमालकाटा पो किशोर नगर थाना किशोर नगर जिला अंगुल ओडिशा अपने ट्रक क्र सीजी 04 एचपी 7298 से ओडिशा से रायपुर की ओर जा रहा था। जब वह सुबह करीब 6.20 एनएच 53 रोड करणीकृपा प्लांट के सामने तुमगांव पहुंचा था, इसी दौरान लापरवाही पूर्वक बिना संकेतक दिए रोड पर खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 8111 पीछे से ट्रक जा टकराया। एक्सीडेंट से मेघनाथ साहू को गंभीर चोट लगी, जिसे 112 वाहन के माध्यम से सीएचसी अस्पताल तुमगांव ले गये थे, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मेघनाथ साहू को मृत होना बताया गया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 285, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सिख संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने विक्की

**पिथौरा।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संस्थापक हरपाल सिंह भामरा एवं छतीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेशाध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, बंटी चावला ने रायपुर में सभी सिख समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में अपनी नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें पिथौरा नगर के युवा नेता विक्की सलूजा को छत्तीसगढ़ सिख संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष की बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी गई। क्षेत्र से पहली बार किसी व्यक्ति को प्रदेश उपाध्यक्ष की कमान मिली है, जिससे क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह है। सलूजा ने कहा कि हमारा सिख समाज सदैव सेवा के लिए समर्पित रहता है। गरीब दुखी की सेवा करना ही हमारा दायित्व है। मैं सेवा कार्य को और अच्छे तरीके से आगे बढ़ाऊंगा और सभी के साथ मिलकर समाज को आगे ले जाने में अपना सहयोग प्रदान करूंगा। नियुक्ति पर अरविंदर सिंह छाबड़ा, राजेंद्र सिंह खनूजा, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, दीपक सलूजा, रजिंदर सिंह बग्गा, मोनू सलूजा, राजा सहित समाज के सभी सदस्यों तथा अन्य समाज के सभी समाज प्रमुखों ने हर्ष जताया है।

### जिला भाजपा कार्यालय में सुनी गई प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत, नवाचार, स्वच्छता, युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण तथा जनभागीदारी जैसे विषयों पर प्रेरणादायी विचार रखे, जिन्हें उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गंभीरता से आत्मसात किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राहुल चंद्राकर, अरुण साहू, पंकज चंद्राकर, मुन्ना साहू, लिलेश साहू, नरेश नायक एवं शुभम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू द्वारा प्रदान की गई।

## पेज 9 का शेष

### नगर के वार्ड..

पुनीत जांगड़े, गंगाप्रसाद टंडन, रामचंद कुर्रे, शंकर जांगड़े, दादुराम बंजारे, चंद्र शेखर बार्वे, पुनीत बघेल, अंतराम बार्वे, धनुष अनंत, योगेन्द्र सोनवानी, भरत मनहरे, पीताम्बर कुर्रे, सियाराम बंजारे, सत्यदेव(रिंटु)कुर्रे, बिरेंद्र कुर्रे, लखन गोयल, धनेश्वर कुर्रे, रथराम कुर्रे, भैरव बंजारे,तीजराम टंडन, सुरेन्द्र बघेल, गैंदलाल कुर्रे आदि उपस्थिति थे।

---

**आयोजन : वाणिज्य विभाग के आयोजन में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण रहीं भागीदारी**

# लवन कॉलेज के कॉमर्स क्वेस्ट स्पर्धा में स्क्रीन बेस्ट प्रश्नोत्तरी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




महाविद्यालय लवन के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स क्वेस्ट 2026 का आयोजन किया गया। स्क्रीन आधारित इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वाणिज्य विषय के प्रति रुचि बढ़ाना एवं सामान्य व्यावसायिक जागरूकता के प्रति रुचि पैदा कर प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था।

प्राचार्य डॉ. एसके भट्ट ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालय में होना सराहनीय है। 6 राउंड के खेल में स्ट्रेटजी स्ट्राइकर ने 60 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान सुनिश्चित कर लिया, जबकि द्वितीय स्थान के लिए कैपिटल टाइटन एवं कॉर्पोरेट किंग के बीच टाई ब्रेकर राउंड खेला गया, जिसमें कैपिटल टाइटन ने जीत दर्ज कर द्वितीय स्थान सुनिश्चित किया। अन्य 3 टीम प्रॉफिट पैंथर, बिजनेस ब्लेजर एवं रिस्क रेंजर ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। स्ट्रेटजी स्ट्राइकर एवं कैपिटल किंग को क्रमशः 1000 रुपए एवं 500 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। ब्रांड आइडेंटिटी, ऑडियो विजुअल एवं टाई ब्रेकर राउंड मुख्य आकर्षण रहे।

कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष भीम प्रकाश बौद्ध ने किया। बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा वर्षा साहू एवं निधि बार्वे क्विज मास्टर के रूप में प्रतियोगिता का संचालन किया। अंत में डॉ.यशवंत कुमार यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सबका आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा, तुलसी पैकरा के अलावा हर कुमार पटेल, डी.के. हिरवानी, जय प्रकाश खूंटे, डॉ. स्नेह गुप्ता एवं पंचानंद प्रधान उपस्थित थे।

### कॉलेज में लगी विज्ञान प्रदर्शनी, छात्रों ने प्रस्तुत किए वैज्ञानिक मॉडल

**बिलाईगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र के मार्गदर्शन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष यू. एस. भारद्वाज सहायक प्राध्यापक भौतिकी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विज्ञान से संबंधित व्यावहारिक एवं शोधात्मक ज्ञान उपलब्ध कराना तथा विज्ञान के प्रति उनका आकर्षण बढ़ाना था।



इस विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें भौतिक शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं प्राणी शास्त्र विभागों द्वारा कुल 47 कार्यशील (वर्किंग) मॉडल तैयार कर प्रस्तुत किए गए। इनमें रॉकेट लॉन्चर, हाइड्रोपोनिक्स, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, टपक सिंचाई, कार्बन शुद्धिकरण, पी.सी. कल्चर, यू-टर्न रोड सुरक्षा, अपशिष्ट प्रबंधन आदि के मॉडल प्रमुख रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को उत्साहित करते हुए कार्यक्रम की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस कार्यक्रम को और अधिक भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य, स्टाफ एवं आगंतुकों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से मॉडलों की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता के संबंध में अनेक रोचक प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक उत्तर दिया। इस कार्यक्रम के प्रभारी वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष दीपक कुमार कुर्रे अतिथि व्याख्याता एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापिका सुनीता विक्रम कोसले रहीं। सहायक प्राध्यापक पंकज साहू, अन्नू केवरा, रंगनाथ यादव, डॉ. सुमन लता राठौर, कुसुम प्रधान, टीकाराम चौहान, लेविश कुमार, गौरव शुक्ला, नैना निराला, दूज बाई भारद्वाज, रेशम चौहान, नरेंद्र राकेश तथा धनंजय कर्ष सहित विज्ञान एवं कला संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विधायक देवेंद्र ने गुरुदर्शन कर पूजा-अर्चना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव अपने निवास स्थान भिलाई से तीन दिवसीय मेला गिरौदपुरी धाम दर्शन पाने के लिए निकले, जहां देवेन्द्र यादव समर्थकों ने जगह जगह फूल माला एवं पटाखों से स्वागत किया। विधायक के समर्थकों ने उनके अगवानी में बाईक रैली निकाली। विधायक अपने समर्थकों के साथ बलौदा बाजार से बाइक में सवार होकर लवन, कसडोल, कटगी होते हुए बाबा गुरु घासीदास जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम पहुंचे, जहां उन्होंने गुरूदर्शन व पूजा -अर्चना और मत्था टेक कर प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति, समृद्धि की कामना की। विधायक देवेन्द्र यादव अपने समर्थकों में बलौदाबाजार से शैलेन्द्र बंजारे जिला पंचायत सदस्य बलौदा बाजार, किशोर नवरंगे, नरेन्द्र डहरिया विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, बनवारी बार्वे, सुरेन्द्र बघेल, महेश कुर्रे, जगजीवन नारंगे, ईश्वर घृतलहरे, संतोष निराला, मोहन बंजारे, ओमेश कुमार मिरी, प्रदीप बंजारे, देवा बंजारे, मनेजर डहरिया, गोपी बघेल, गुलशन कुर्रे, डिगेश्वर बंदे, अजय बार्वे आदि समर्थकों के साथ बाइक से गिरौदपुरी धाम पहुंचे।

### वटगन विद्यालय में बोर्ड परीक्षा जारी



**पलारी।** शास उच्च माध्यमिक विद्यालय वटगन में जारी बोर्ड परीक्षा 10वीं में 139 विद्यार्थी शामिल हुए। इसी तरह 12वीं में कला संकाय में 35, विज्ञान में 6 छात्र छात्राएं है। यहां केंद्राध्यक्ष दिलीप साहू, सहायक केंद्र प्रभारी एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, लिपिकीय कार्य में टी के साहू है। पर्यवेक्षक बी पी साहू, सगुण सोनी,खम्हन ध्रुव, भूपेंद्र वर्मा सहित शिक्षक परीक्षा संचालन में लगे हुए हैं।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2026 में महासमुंद जिले से लक्की यादव का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स नई दिल्ली में भारत से जिले के लक्की यादव होंगे शामिल



विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2026 का आयोजन नई दिल्ली में 9 से 13 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया है, जिसमें भारतीय टीम शामिल होगी। पैरा एथलेटिक्स खेल में शामिल होने महासमुंद जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी लक्की यादव भारतीय टीम से शामिल होंगे।

खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि लक्की पिता कुमार यादव ग्राम तुमाडबरी निवासी हैं, जो फॉर्चून नेत्रहीन उमावि करमापटपर बागबाहराकला बागबाहरा एवं वन विद्यालय सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक में विश्व पैरा एथलेटिक्स के लिए अभ्यास कर रहे हैं। लक्की के साथ प्रशिक्षक प्रशांत निषाद गाईड रनर एवं ऑफिशियल निरंजन साहू संचालक फॉर्चून फाउंडेशन महासमुंद शामिल होंगे। इससे पहले भी लक्की ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करने के साथ ही 2022-23 में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक एवं 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक लगातार भागीदारी निभाते हुए विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में क्वालीफाई किया है। विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स 2026 में महासमुंद के लक्की यादव के चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, प्रदेश सचिव डीकेश टंडन, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, पारस चोपड़ा, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ पुरेंद्र चंद्राकर, जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद अध्यक्ष निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव, विजू पटनायक, विपिन मोहंती, पुष्पेंद्र चंद्राकर, अपूर्व पांडे, सविता निषाद, भूमिका यादव, रश्मि साहू, दिव्यलोचन साहू, भेखलाल साहू, तुलसीराम बरिहा, दिलेश्वर चंद्राकर, मायाराम पटेल, विकास बग्गा, जिला एथलेटिक्स संघ महासमुंद सचिव डॉ. सुनील कुमार भोई, चारूलता गजपाल, लक्ष्मीप्रिया साहू, फॉर्चून फाउंडेशन विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

# 445 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 28.260 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ महासमुंद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सरायपाली, बसना, पटेवा व थाना बागबाहरा पुलिस ने कई ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की।

सरायपाली पुलिस ने आनंद कुमार बिश्रा पिता स्वर्गीय राधेश्याम बिश्ना (46) निवासी ग्राम बगईजोर अनूप बिश्रा पिता अमिताप बिश्रा (19) निवासी ग्राम बगईजोर, संजय बिश्रा पिता राधेश्याम बिश्रा (38 वर्ष) निवासी ग्राम बगईजोर, भगत चंद्रा पिता अवधराम चंद्रा (27) निवासी ग्राम झालपाली के कब्जे से कुल 220 लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 44 हजार रुपए, एक मोटरसाइकल कीमत 40 हजार रुपए को बरामद किया। बसना पुलिस ने भुनेश्वर कोंद पिता बालकराम कोंद (33) पदरडीह थाना बसना, टीकाराम कुर्रे पिता गोटीलाल कुर्रे (22 साल) सावित्रीपुर थाना सांकरा, कुमार बरिहा पिता स्व महेश बरिहा (37 साल) पिरदा के कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब कीमत 9000 रुपए को बरामद किया। वहीं बागबाहरा पुलिस ने रवि सतनामी पिता धनीराम सतनामी (20 साल) ग्राम हरनादादर के कब्जे से 65 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 11 लीटर 700 एमएल कीमत 5200 रुपए रुपए को बरामद किया। इसी तरह पटेवा पुलिस ने आरोपी राजेश लहरे पिता संतराम लहरे (31 वर्ष) निवासी ग्राम पचरी, रवि पिता लखन टंडन (29 वर्ष) निवासी ग्राम पचरी के कब्जे से 180 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 36 हजार रुपए, देशी प्लेन रोमियो शराब 16.560 लीटर कीमत 7360 रुपए, महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त भारी मात्रा में बर्तन व अन्य सामग्री जब्त किया है।

### राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में प्रतिभा के विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**सरायपाली।** राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड नई दिल्ली द्वारा विद्यालय में परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा द्वितीय 'अ' के छात्र ओनीर अग्रवाल ने जोनल रैंक 28 प्राप्त कर विशिष्टता का स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र हासिल किया। वहीं कक्षा द्वितीय 'ब' के विहान मीना, कक्षा सातवीं 'ब' की स्वाती मिश्रा, कक्षा आठवीं 'अ' के श्रेष्ठा पंडा तथा कक्षा नवमी 'ब' के श्रेष्ठ अग्रवाल को कक्षा टॉपर के रूप में उत्कृष्टता का स्वर्ण पदक सह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्राचार्य नरहरि पटनायक के द्वारा सफल प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मय स्टाफ के साथ संचालक डॉ. आभाष अग्रवाल तथा समिति अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई



**महासमुंद।** शहर में दो स्थानों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने सोमवार को दबिश दी। जांच के दौरान टीम ने एक स्थान से 08 बोरी पान पसंद (कुल 276 पैकेट) संभावित गुटखा जब्त (अभिगृहित) किया। वहीं दूसरे स्थान से 01 बोरी पान पसंद संभावित गुटखा सीज किया गया। कार्रवाई के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशनी राजपूत एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा विधिवत नमूना संकलित किया गया। अभिहित अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि जब्त किए गए नमूनों को परीक्षण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# आपत्तिजनक बयानबाजी और कांग्रेस की नीतियों का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक बयानबाजी एवं कांग्रेस की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक चंद्र ठाकुर के आह्वान पर जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के निर्देशन में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पिलेश्वर पटेल के नेतृत्व में स्टेशन चौक बागबाहरा में भाजपाईयों ने राहूल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा एवं किसान मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अलका चंद्राकर, भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष पीलेश्वर पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जान्हवी साहू, भाजपा जिला महामंत्री थान सिंह दीवान, जिला पंचायत सदस्य रवि फरोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश चंद्राकर, शंकर तांडी, मोगेश (पिंटू) चंद्राकर, आनंद साहू, अभिषेक (मेघू) चंद्राकर, प्रेम साहू, नरेंद्र बग्गा, बाला चंद्राकर, डिंपल डाली ध्रुव, किरण यदु, चंद्रशेखर ध्रुव, राकेश चंद्राकर, नंदू सोनी, लोकेश पनुरिया, अतुल गंडेचा, कन्हैया नायक, नारायण तांडी, आकाश चंद्राकर, नितेश पांडेय, तुकाराम चंद्राकर, नीरु मानिकपुरी, टिंकल चौहान, जितेंद्र चंद्राकर, द्रोण पटेल, धरम दीवान, गुलशन बघेल, टीकम ध्रुवंशी, पंकज चंद्राकर, हीराधर विश्वकर्मा, रेखराज साहू, पूरन शबर, ओमप्रकाश ध्रुव, राजा देवांगन, खोमन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू ने दी है।

# क्रिकेट खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने नपाध्यक्ष ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सिरपुर क्षेत्र के ग्राम खिरसाली में ग्रामीण युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए।

उन्होंने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने प्रेरित करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजनों से गांव के प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आपसी सामंजस्य व भाईचारे की भावना के साथ खेलने की बात कही। इस अवसर पर टीम के कप्तान मोहित ध्रुव, उप कप्तान दुर्जन बरिहा, राकेश बरिहा, योगेश बरिहा, संजू विश्वकर्मा, उमेंद्र पटेल, रूपेश पटेल, गितेश पटेल, दीपक पटेल, गंगाराम ध्रुव, भगत बरिहा, मिलन बरिहा, अजित बरिहा, रोशन दीवान, टनेश्वर बरिहा, हेमसागर कर्ष, महेश्वर कर्ष, विशाल ध्रुव, सरगम ध्रुव, हिमांशु पटेल, अमित ध्रुव आदि उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
शतक संघ के 100 वर्ष
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# शाला विकास समिति छात्रों की सुरक्षा व दर्ज संख्या बढ़ाने का लिया निर्णय

## विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा में शाला विकास समिति गठन के पश्चात प्रथम बैठक हुई। बैठक में विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष सनत कुमार वर्मा ने हाल ही में आयोजित मातृत्व सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए सभी सदस्यों से विशेष प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र में दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने का आश्वासन दिया। शिक्षाविद श्रीराम वर्मा एवं संतोष वर्मा ने विद्यालय के विकास कार्यों में सभी को साथ लेकर चलने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। बैठक में मालिकराम वर्मा, शोभाराम यदु, ईश्वरी वर्मा, मोहन यदु, टेटकी वर्मा, पुष्पा सोनी, पूजा फेकर, चंद्रिका गेंद्रे, चोवाराम वर्मा, लोमश बंजारे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में विद्यालय भवन की स्थिति पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि विद्यालय भवन में कई वर्षों से पुताई नहीं हुई है, जिससे भवन की आकर्षकता एवं स्वच्छता प्रभावित हो रही है।



### शीघ्र पुताई कराने के निर्देश

सदस्यों ने साफ-सफाई को ध्यान में रखते हुए शीघ्र पुताई कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यालय का वातावरण स्वच्छ व प्रेरणादायक बन सके। विद्यालय मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यहां लगातार वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। अवकाश के दौरान बच्चों के बार-बार बाहर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए मुख्य द्वार पर ताला लगाने का निर्णय लिया गया, ताकि अवकाश के समय बच्चे विद्यालय परिसर के भीतर ही सुरक्षित रहें और किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। अंत में विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक मार्कंडेय कैवर्त्य सर ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग एवं रचनात्मक सुझाव देने का आग्रह किया, ताकि विद्यालय एवं विद्यार्थियों का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## खबर संक्षेप



### बच्चों सीख रहे योग...

**पलारी।** पीएम श्री प्राथमिक शाला मुड़पार में योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा के सानिध्य में बच्चों को सामूहिक मेडिटेशन योगाभ्यास शिक्षकों के मौजूदगी में बारिकियों से बताया गया।

### जुआ खेल रहे तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** साहूडीपा जंगल ग्राम बामड़ाडीह में जुआ खेल रहे तीन लोगों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 21 हजार रुपए से ज्यादा की रकम बरामद की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि साहूडीपा जंगल ग्राम बामड़ाडीह कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घेराबंदी कर 03 जुआड़ियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अमृत कोसरिया पिता जयधर कोसरिया (38 साल) केरामुंडा थाना बसना जिला महासमुंद, हेमनाथ चौहान पिता मुकुतराम चौहान (34 साल) तिलंजनपुर थाना सांकरा जिला महासमुंद, कोन्नो प्रधान पिता मुरलीधर प्रधान (55 साल) घुचापाली थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा का निवासी होना बताए। पुलिस ने इन लोगों के संयुक्त कब्जे से नगदी रकम 21, 300 रुपए, तीन बाइक कुल 1, 81, 300 रुपए को बरामद कर धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### एक्सीडेंट में स्कूटी चालक घायल

**महासमुंद।** नगर के अंबेडकर चौक के पास बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामला 8 फरवरी का है। इलाज के बाद घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में कराई गई है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 14 पुराना मछली मार्केट महासमुंद मो युसूफ धनवानी रात्रि करीबन 9:30 बजे अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचई 3140 से दवाई लेने मेडिकल स्टोर्स जा रहा था। अंबेडकर चौक के पास बस स्टैंड की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 06 एचबी 2152 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाकर युसूफ की स्कूटी ठोकर मार दिया। जिससे उसे चोटें आई। घायल को निजी अस्पताल महासमुंद ले जाया गया, जहां से रेफर करने पर रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## आयोजन में जनप्रतिनिधि, छात्र और ग्रामीण हुए शामिल

# इंडियन ऑयल की पाइपलाइन सुरक्षा पर किया मॉकडिल, आपातकाल पर निपटने का सिखा गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ▶▶| मुड़पार-सारंगढ़

भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं खनिज उत्पाद दिशा-निर्देशों के तहत, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइपलाइन प्रभाग) द्वारा ग्राम मुड़पार में लेवल-III ऑफसाइट आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। पारादीप-रायपुर-रांची पाइपलाइन के कोरबा खंड के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पाइपलाइन सुरक्षा, त्वरित प्रतिक्रिया और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था।

ड्रिल में जिला फायर टेंडर टीम रोशन यादव, विजयकाश भारद्वाज पूर्व आर्मी व सिक्युरिटी इंचार्ज कोरबा लाईन, अप्रीत शुक्ला मेन लाइन ए आर सी इंचार्ज, प्रवीण तिवारी ए आर सी टीम मेम्बर मेन लाइन गार्ड खूंटे, मेडिकल टीम के डॉ. अरुण कोशले, डगेश्वर खटकर अधिवक्ता, स्थानीय ग्राम पंचायत मुड़पार के सरपंच फूलबाई, प्रेम लाल साहू, साधराम रत्नाकर, नागेश साहू, जीवन खटकर, सम्मे लाल साहू, शासकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक छतराम भारद्वाज सहित शिक्षिका, विद्यार्थियों और ग्रामीण शामिल हुए। स्थानीय ग्रामीणों को आग से बचाव, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन प्रतिक्रिया तथा सुरक्षा मानकों के बारे में जागरूक किया गया।



### पाइपलाइन प्रणाली में आपात स्थिति की पहचान

इंडियनऑयल की टीम का नेतृत्व दक्षिण पूर्वी क्षेत्र पाइपलाइन के मुख्य परिचालन प्रबंधक सुरेश बाबू कोरंगी ने किया। टीम ने आपातकालीन पाइपलाइन स्थिति की कल्पित परिस्थिति का निर्माण करते हुए मुख्य लाइन मेंटेनेंस वाहन एम ओ एस आर यू मोबाईल ऑयल स्पिल रिस्पॉन्स यूनिट और जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ अग्निशमन द्वारा उपलब्ध कराए गए फायर टेंडर की मदद से राहत एवं बचाव संचालन दिखाया। कोरंगी ने बताया कि इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न टीमों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना और जन सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### पाइपलाइन सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

मॉकड्रिल के दौरान पाइपलाइन प्रणाली में आपात स्थिति की पहचान, संचार प्रणाली का सक्रिय उपयोग, लोगों की सुरक्षित निकासी, घायलों को त्वरित चिकित्सा सहायता, अग्निशमन अभियान और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय जैसे प्रमुख पहलुओं का सफल प्रदर्शन किया गया। पाइपलाइन बिछाए गये जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य घर, कुंआ, नलकूप खनन या पेड़ लगाना आदि मना है अगर आप जमीन पर रिसाव या पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल की गंध, चोरी, छेद अथवा आग लगने की सूचना पाएं तो कृपया स्थान का नाम, ग्राम पंचायत का नाम ,पुलिस थाने का नाम, खबर इंडियन ऑयल कंट्रोल रूम कोरबा जमनीपाली सम्पर्क टोल फ्री नंबर में प्रथम सूचित करने वाले को प्रोत्साहन के लिए पुरस्कृत किया जायेगा।

# शिवजी की जयंती पर गीता पाठशालाओं में ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शिव जयंती पर ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी गीता पाठशालाओं में ध्वजारोहण किया गया। इसी क्रम में केसला वार्ड क्रमांक 1 स्थित सुशीला वर्मा के निवास पर शिव ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में संस्था से जुड़े भाई-बहनों एवं गीता पाठशाला के सदस्यों की उपस्थिति रही। ध्वजारोहण से पूर्व ब्रह्माकुमारी सावित्री ने उपस्थितजनों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

उन्होंने शिव जयंती का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि शिवलिंग पर धतूरा अर्पित करना मानव जीवन की बुराइयों को त्यागकर परमात्मा को समर्पित करने का प्रतीक है। उन्होंने सभी को वाणी में मधुरता एवं व्यवहार में सम्मान रखते हुए परमात्म ज्ञान का संदेश फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुशीला वर्मा, इंद्राणी वर्मा, कल्याणी वर्मा, संगीता वर्मा, लक्ष्मण सिंह वर्मा, मिताली विश्वास, निर्मला यादव, कौशिल्या देवांगन, विनोद वर्मा, जगराखन धीवर, भोजा वर्मा, रोहित वर्मा, कांति यादव, कुमारी यादव, आयुषी, वेदांसी एवं नेहा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

# देवेंद्र यादव का कांग्रेस सदस्यों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं विधायक देवेंद्र यादव के गिरोधपुरी प्रवास के दौरान बलौदाबाजार आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं एवं जोशीले नारों के साथ श्री यादव का अभिनंदन किया। स्वागत अवसर पर कांग्रेसजनों में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा एवं प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए एकजुटता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन,



ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गोल्डी मरईया, सुखदेव साहू, देवेंद्र वर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, कुबेर यदु, नीरज बांधे, चितेश्वर साहू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक यदु, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, जय नायक, राहुल नेगी, किशोर नवरंगे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# झेरिया यादव समाज ने की समाज की एकता, विकास और समृद्धि पर चर्चा

हरिबूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

झेरिया यादव समाज तरेंगा राज का वार्षिक सम्मेलन सिंगारपुर में हुआ। सम्मेलन में जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इसके अलावा अध्यक्ष मन्नू लाल यादव, कोषाध्यक्ष नरेंद्र यादव, सचिव मनहरण यादव सहित समाज के अन्य पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सम्मेलन में समाज की एकता, विकास और समृद्धि पर गहन चर्चा हुई।



राजा जायसवाल ने कहा झेरिया यादव समाज की एकता और सहयोग समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज के सदस्यों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज के विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। समाज के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण पर ध्यान देना आवश्यक है।

कार्यक्रम को अध्यक्ष मन्नू लाल यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए और युवा पीढ़ी को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में समाज के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज के विकास के लिए सुझाव दिए।

## 42 छात्रों ने दिया राजनीति, रसायन और लेखाशास्त्र की परीक्षा



सेल। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल में 12वीं की परीक्षा के राजनीति विज्ञान में 21, रसायन 14 और लेखाशास्त्र में 7 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। अनुपस्थित एक भी नहीं। केंद्राध्यक्ष रामकुमार रात्रे, सहायक केंद्राध्यक्ष हरप्रसाद साहू एवं भूपेंद्र साहू है।

# भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य बने धीरज मिश्रा

**पलारी।** भारतीय जनता पार्टी पलारी के वरिष्ठ कार्यकर्ता धीरज मिश्रा को प्रदेश भाजपा संगठन आर्थिक प्रकोष्ठ में प्रदेश सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय छेत्रिय, संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चन्द्राकर के अनुशंसा पर हुई। धीरज मिश्रा वर्षों से भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे हैं। इससे पहले धीरज मिश्रा बलौदाबाजार भाटापारा जिला आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक का दायित्व लंबे समय से निर्वाहर करते आ रहे थे। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश के सभी शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश



महामंत्री पवन साय, छेत्रिय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संयोजक शिव चन्द्राकर, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, पशिवरतन शर्मा, सनम जांगड़े, आनंद यादव, योगेश चन्द्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, दुर्गा, महेश्वर, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, यशवर्धन वर्मा, नंद वर्मा, पवन वर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है।

## सदगुरु कबीर साहेब की अमृतवाणी का प्रसार

# रवान अर्जुनी भद्रकाली में गुरु माता का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

ग्रामीण अंचल में रवान अर्जुनी भदाकाली में श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से गुरु माता का भव्य स्वागत किया गया। अंचल में सदगुरु कबीर साहेब की अमृतवाणी को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने वाले वंश गद्दी धर्मनगर दामाखेड़ा के वंश गुरु परिवार एवं कबीर पंथ की गुरु माता साहिबा मनीषा देवी माता ने हर घर पहुंचकर का पर लगी भेंट दिया गया छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित प्रमुख तीर्थ

दामाखेड़ा छत्तीसगढ़



कबीरपंथियों का मुख्य तीर्थ और आस्था का केंद्र है। व्यक्तित्वः गुरु माता साहिबा मनीषा देवी, दामाखेड़ा के वंशगुरु परिवार से हैं, जो विश्व भर में कबीर साहेब के विचारों का प्रसार कर रहे हैं। यह आयोजन सदगुरु कबीर की वाणी को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने और भक्तों को कबीर पंथ से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस आगमन से रवान क्षेत्र में कबीरपंथियों में काफी उत्साह थे।

### दामाखेड़ाः कबीरपंथियों का प्रमुख तीर्थ स्थल

स्थल दामाखेड़ा दामाखेड़ा, जिला बलौदाबाजार – भाटापारा में कबीरपंथियों की एक तीर्थ स्थल है। यह रायपुर-बिलासपुर सड़क मार्ग पर सिमगा से 10 किमी की दूरी पर स्थित एक छोटा सा ग्राम है। यह कबीरपंथियों के आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र माना जाता है। यहां देश-दुनिया से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। के वंश गुरु परिवार एवं कबीर पंथ की गुरु माता साहिबा मनीषा देवी का रवान में भव्य आगमन हुआ है। सदगुरु कबीर साहेब की अमृतवाणी का प्रसार करने वाली माता साहिबा के आगमन पर श्रद्धालुओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत और शोभायात्रा निकाली गई, जो कबीरपंथियों की अटूट आस्था का परिचायक है।

